

जीवेत् शरदः शतम्

****- विनीत- ****
आशीष नवाल, सचिन जैन, भारतसिंह तोमर, पिन्टू शर्मा, जीआर सोनगरा, संजीव परमार, संदीप बारोदिया (सेठजी), श्याम ग्वाला बम, हरीश मण्डोवरा, लखन ग्वाला, प्रांजल शर्मा, कुणाल माहेश्वरी, मंदसौर



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 346 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 04 अक्टूबर 2024 | मूल्य 2 रुपया



हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक



12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333







## वॉक पर निकल रहे या अतिक्रमण हटा रहे..?

### न गुमटियां दिख रही और न गुमटियांनुमा ठेले, नेताओं की बपौती पर हाथ डालने को तैयार नहीं नपा के कारिंदे

**मंदसौर, 03 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नवरात्रि की एकम अर्थात गुरुवार को फिर से नगरपालिका का अमला गांधी चौराहा से महाराणा प्रताप बस स्टैंड तक अतिक्रमण हटाने निकला। हाल ही में एक माह में गांधी चौराहा से बीपीए चौराहा पर अतिक्रमण हटाने की नौटंकी तीन बार हो चुकी है। कार्रवाई नारियल के ठेले वालों को अंदर करने तक सीमित रही। बड़े अस्पताल के सामने और दशपुर कुंज के बाहर गुमटीनुमा ठेले और नगरपालिका द्वारा बनाई कुर्सियों पर अतिक्रमण को जानबुझकर नजर अंदाज किया गया। यही स्थिति शहर में कई जगहों पर है। गुरुवार को हुई कार्रवाई में इक्का दुक्का खाली पड़ा ठेला और इक्का दुक्का खाली पड़ी गुमटी जप्त की गई। मतलब नगरपालिका के हिसाब से गांधी चौराहा, बीपीएल चौराहा और महाराणा प्रताप क्षेत्र में सिर्फ इतना ही अतिक्रमण था। हकीकत यह है कि गुमटी और गुमटीनुमा ठेले से शहर पटता जा रहा है। यह सर्वविदित है कि कुछ नेताओं ने गुमटी राज चला रखा है। नपा के कर्मचारी अतिक्रमण हटाने जरुर निकलते हैं, लेकिन नेताओं की इन बपौती पर हाथ डालने की हिम्मत ही नहीं कर पाते।

#### दोनों ही दलों के नेताओं की गुमटियां...

शहर में गुमटी रुपी बदनुमा दाग भी लग रहा है। भाजपा और कांग्रेस, जब जिस पार्टी के नेता की चली, उसने शहर में अपनी मनचाही जगह पर गुमटियां रखवा दी। अब इन गुमटियों से भले अच्छी आय नगर पालिका को हो या नहीं हो, लेकिन हर माह नेताजी को 3 से 5 हजार रुपए किराया मिल रहा है। गुमटी के पीछे नाम प्रभावशाली नेताजी का है, इसलिए नपा भी कार्रवाई नहीं कर रही है। एक-एक नेता की 5 से 8 तक गुमटियां है और इन्हीं से इनकी 25 से 35 हजार तक हर माह की कमाई हो रही है। हालात ऐसे हो गए है कि हमारा मंदसौर शहर गुमटियों का शहर बनता जा रहा है। सरकारी जमीन पर गुमटियां रखवाकर नेताजी अपनी कमाई में लगे है।

#### गुमटी के सबसे ज्यादा रेट इन जगहों पर...

नेहरु बस स्टैंड व रोडवेज बस स्टैंड, महाराणा प्रताप बस स्टैंड, नाहटा चौराहा, श्रीकोल्ड चौराहा, दशपर कुंज बड़े अस्पताल के सामने यह वह क्षेत्र में जहां गुमटियों का किराया सबसे ज्यादा है। रसूखदार या नेताजी यहां से 3 से 5 हजार किराया वसूलते हैं। कहने को तो ठेलों व गुमटियों से नपा हर दिन राशि लेती है। लेकिन, नेताओं की इन अवैध गुमटियों से नपा भी राशि नहीं वसूल पाती है और पूरे शहर में गुमटियों की बंदरबाट चली आ रही है। छुटभैये से लेकर रसूखदार नेता तक की गुमटिया अलग-अलग चौराहों पर रखी हुई है।

#### चार साल पहले हटाई थी गुमटिया...

तत्कालीन नपाध्यक्ष प्रहलाद बंधवार की हत्या के बाद गुमटियों का हटाने का सिलसिला शुरू हुआ था। श्रीकोल्ड चौराहा से लेकर अस्पताल के सामने और नाहटा चौराहा क्षेत्र में चार साल पहले गमटियां हटाई गई थी। लेकिन, फिर धीरे-धीरे गुमटियां पूर्ववत जम गई और गुमटी माफिया सक्रिय हो गया। यह गुमटिया शहर में अतिक्रमण के साथ ट्रैफिक की सुंदरता को भी दाग लगाने का काम कर रही है। नपा के संरक्षण के कारण दिनोंदिन यह फल-फूल रहा है।


## नवरात्रि प्रारंभ, जगह-जगह हुई घटस्थापना, गरबा उत्सव की धूम





**मंदसौर, 03 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** गुरुवार से आश्विन नवरात्रि की शुरुआत हो गई। सुबह शुभ मुहूर्त से ही नवरात्रि उत्सव की धूम शुरू हो गई। भक्त धुमधाम से ढोल-ढमाकों की थाप पर नाचते-गाते हुए मां की प्रतिमाएं पांडाल तक लेकर पहुंचे और पूर्ण विधान से घटस्थापना की। शेर पर सवारी करने वाली मां की प्रतिमा को कोई टेंपों में ले गया तो किसी ने ठेले पर सवार कर पांडाल तक का सफर तय किया। दिनभर शहर के वातावरण में धर्म रस घुला रहा। इसके साथ ही शाम से गरबा उत्सव की धूम शुरु हो गई।

शारदीय नवरात्र की शुरूआत होने से सुबह से ही शहर में धार्मिक माहौल रहा। लोग सुबह जल्दी स्नान करके माता के मंदिरों में पहुंचे और मां की आरधना की। इसके चलते सुबह से ही शहर के नाहरसिंह माता, शीतला माता, पीपली वाले माता, दीवाक माता, नालछा माता, खिड़की माता, त्रिशुली माता सहित विभिन्न मंदिरों में भक्तों की काफी भीड़ रही। किसी ने यहां पहुंचकर दुर्गा चालिसा के पाठ किए तो किसी ने मां की आरती की। इसी तरह किसी ने लाल चुनरी, मेहंदी, चुडियां, अबीर, गुलाल, कुमकुम आदि अर्पित कर माता रानी की विशेष आराधना की। इधर, सुबह से ही शहर के बीपीएल चौराहा, बड़े अस्पताल रोड, आजाद चौक सहित अन्य बाजारों में मां की मनमोहक प्रतिमाएं खरीदने का दौर प्रारंभ हो गया। कई लोगों ने अपने घरों में मां की घटस्थापना के लिए छोटी प्रतिमाएं पसंद की, तो वहीं विभिन्न पांडालों के लिए भी समितियों द्वारा यहां से प्रतिमा खरीदकर गाजे-बाजे और ढोल-ढमाकों के साथ प्रतिमाओं को पांडाल तक ले जाया गया। दिनभर गांधी चौराहा, नेहरू बस स्टैंड, कालाखेत, कालीदास मार्ग, घंटाघर, सदर बाजार, खानपुरा, धानमंडी, जनकूपुरा, नयापुरा रोड, गौल चौराहा, बीपीएल चौराहा, बालागंज, संजीत रोड सहित सभी प्रमुख मार्गों से मां की घटस्थापना के चल समारोह निकलते रहे।





#### श्री हरिहर धाम में हुई घटस्थापना...

शहर के अभिनंदर परिक्षेत्र में स्थित श्री हरिहर धाम में भी गुरुवार सुबह घटस्थापना हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित संजय कृष्ण शर्मा द्वारा विधि विधान से स्थापना कार्य कराया। इसके पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुषो ने भाग लिया।



## बारिश का दौर थमा, दोपहर में गर्मी, सुबह-शाम गुलाबी ठंड

**मंदसौर, 03 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में बारिश का दौर थम गया है। दोपहर में तेज धूप और रात में गुलाबी ठंड का एहसास होने लगा है। इस माह के अंत तक रात में ठंड तेज होने की संभावना है। जिले में अबतक 35.24 इंच बारिश दर्ज की गई है। यह सामान्य औसत बारिश से ढाई इंच से अधिक है।

मौसम जानकारों के अनुसार प्रदेश से मानसून की विदाई शुरू हो गई है। बुधवार को मौसम विभाग ने ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी और श्योपुर से मानसून के लौटने की घोषणा कर दी है। गुरुवार को उज्जैन संभाग के कुछ जिलों से मानसून विदा हो गया है। आखिरी में जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग से विदाई होगी। सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि 4 अक्टूबर को बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) सक्रिय हो रहा है। इस वजह से राज्य के पूर्वी हिस्से से विदाई देरी से होगी। जिले में गुरवार सुबह 08 बजे तक 35.24 इंच (895 मिमी) औसत बारिश दर्ज की गई है। इधर चम्बल नदी पर बने गांधी सागर बांध का जलस्तर 1311.42 फीट है।

## प्रदेश में अगले माह प्रारंभ होगी नर्सिंग कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया, अंतिम तिथि बढ़ाने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार

**भोपाल, 03 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** एक वर्ष के अंतराल के बाद सत्र 2024-25 के लिए प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 29 अक्टूबर तक नवीनीकरण को लेकर निर्णय के साथ ही सीटों की संख्या भी निर्धारित हो जाएगी। इसके बाद नवंबर में नर्सिंग कालेजों में जीएनएम, बीएससी नर्सिंग सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश होंगे। इसके लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से काउंसलिंग कराई जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार नर्सिंग कालेजों में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 सितंबर थी। सरकार की याचिका पर एक बार तिथि बढ़ाई जा चुकी है। अब सरकार एक बार फिर अंतिम तारीख बढ़ाने के लिए याचिका लगाएगी। बता दें कि सरकार ने तय किया है कि वर्तमान सत्र में नए कॉलेज नहीं खोले जाएंगे, न ही सीटों में वृद्धि की जाएगी। सिर्फ मान्यता नवीनीकरण होगा। नवीनीकरण के लिए कॉलेज का अपना या संबद्ध 100 बिस्तर का अस्पताल होना चाहिए। जियो टैगिंग सहित अन्य शर्तें भीं लागू की गई हैं। नवीनीकरण के लिए कॉलेजों का खुद का भवन होना भी आवश्यक होगा। हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने मई 2023 में 308 कॉलेजों की जांच में 169 को उपयुक्त बताया था। साथ ही 73 कॉलेजों को कमियों को साथ उपयुक्त बताया था। जांच के दौरान सीबीआई इंसपेक्टर राहुल राज व अन्य अधिकारियों द्वारा कॉलेजों के निरीक्षण में रिश्वत लेने का मामला सामने आने के बाद हाई कोर्ट ने नए सिरे से जांच करने के लिए सीबीआई को कहा था। इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर कालेजों की मान्यता का नवीनीकरण हो सकेगा। सीबीआई ने अभी तक हाई कोर्ट को अपनी जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी है।

## रास्ते के विवाद में बाप-बेटे पर हमला

**मनासा, 03 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र के गांव मोया में बुधवार को खेत पर जाने के रास्ते की बात को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मारपीट में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर बाप-बेटे पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया।

इस हमले में 20 वर्षीय बेटे के सिर पर कुल्हाड़ी के वार से गंभीर चोट आई है। ऐसे में पहले दोनों घायलों को मनासा के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेटे को बड़े अस्पताल रेफर किया है। घायल पिता मुकन धनगर ने बताया की खेत पर जाने के रास्ते को लेकर बुधवार दिन में दोनों पक्षों में मामूली विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर रात में आधा दर्जन लोगों ने घर में घुसकर 20 वर्षीय बेटे लाला धनगर के सिर पर कुल्हाड़ी जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने सिर में करीब 3 वार किए। हमलावरों ने उन पर... शेष पेज 4 पर

## लगातार तीसरे माह बढ़े कमर्शियल गेस सिलेंडर के भाव

### ई-केवायसी नहीं होने से सिलेंडर बुक नहीं कर पाएंगे कई उपभोक्ता



**मंदसौर, 03 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। देश की पेट्रोलियम कंपनियों ने लगातार तीसरे माह व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दाम में बढ़ोत्तरी की है। घरेलू गैस सिलेंडर के लिए पेट्रोलियम कंपनियों ने ई-केवायसी अनिवार्य किया है। अभी तक जिले के बड़ी संख्या में उपभोक्ताओ ने ई-केवायसी नहीं कराया है। ऐसे में आने वाले दिनों में पेट्रोलियम कंपनियां सिलेंडर की बुकिंग रोकने की कवायद में लगी है। गैस एजेंसी संचालकों ने सभी उपभोक्ताओं से गेस एजेंसी पर जाकर ई-केवायसी कराने का अनुरोध किया है।**

इधर पेट्रोलियम कंपनियों ने तीन माह में 95.50 रुपए का भार उपभोक्ताओं की जेब पर डाला है। इसी कड़ी में अक्टूबर माह में 49.50 रुपए की बढ़ोत्तरी के साथ मंदसौर में व्यावसायिक गेस सिलेंडर 1960.50 रुपए का हो गया है। जबकि, घरेलू गैस सिलेंडर के दाम अभी भी 981.50 रुपए पर स्थिर बने हुए हैं। इन सब के बीच कई उपभोक्ता अभी भी ई-केवायसी से दूर है।

बता दें कि पेट्रोलियम कंपनियों ने मई से जुलाई माह तक उपभोक्ताओं को राहत दी थी। इन तीन माह में व्यावसायिक गेस सिलेंडर के दाम में 125.50 रुपए की राहत प्रदान की थी। इस दौरान जून माह में सबसे अधिक 69 रुपए घटाए थे। जुलाई में 32 रुपए व मई में 24.50 रुपए कम किए थे।

## निजी स्कूल का वाहन पलटा, 11 बच्चों को लगी चोट



**सुवासरा, 03 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के ग्राम हरनावदा जगदी से बच्चों को लेकर आ रही निजी स्कूल का गामा वाहन पलट गया। यह हादसा बर्डियाऔर जगदी के बीच हुआ। इस दुर्घना से वाहन में सवार चोटिल बच्चों को प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। अस्पताल में 11 बच्चों का उपचार किया गया। उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया है।

### किसान संघर्ष समिति ने रिछावरा बंधुओ के खिलाफ दिया कलेक्टर को दिया ज्ञापन, कहा...

## साहुकारी ब्याज के लेनदेन में हड़पी जमीने

**मंदसौर, 03 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** किसान संघर्ष समिति अमलावद द्वारा कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन अपर कलेक्टर एकता जायसवाल को देकर साहुकारी ब्याज के लेन देन में ग्रामीण किसानों की कृषि भूमियां हड़पने पर भूमाफिया मोहनलाल व भंवरलाल रिछावरा पर कार्यवाही की मांग की।

समिति द्वारा दिये गये ज्ञापन में कहा कि हम ग्राम अमलावद, भालोट, खजुरी बडायला, रलायता, भुन्याखेडी, खेड़ा व अन्य गांव के छोटै किसान है एवं कृषि कार्य पर ही हमारा जीवन निर्भर है। हम किसानों को कृषि कार्य एवं घर की आवश्यक जरूरत को पूरा करने के लिए रूपयों की आवश्यकता रहती है, ऐसे में भू-माफिया मोहनलाल व भंवरलाल रिछावरा निवासी मन्दसौर जो ब्याज पर रूपये उधार देने का काम करते है, उनसे हम ग्रामीवासियो द्वारा हमारी कृषि भूमियां गिरवी रखकर ब्याज पर रूपया लिया, और कुछ समय बाद हम ग्रामीणों ने सहुकार की ब्याज सहित रकम का भुगतान कर दिया। जब हमारी कृषि भूमियां गिरवी छुड़ाने का समय आया तो मोहनलाल व भंवरलाल रिछावरा ने हमारी कृषि भूमिया धोखे से हड़प ली। मोहनलाल व भंवरलाल रिछावरा सूदखोरी का धंधा करते है, किसानों को ब्याज पर रूपया देने के बहाने लिखापढी के नाम पर किसानों को धोखे में रखकर गिरवी नामे की जगह विकय पत्र करवा लेते है। मोहनलाल व भंवरलाल द्वारा अधिकांश किसानों की जमीन सोसायटी में बंधक रखकर शासन से जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर रूपया लिया हुआ है। जबकि, उन कृषि भूमियों पर मोहनलाल व उसके परिवार का कब्जा है ही नहीं। इस प्रकार मोहनलाल व भंवरलाल द्वारा शासन के साथ भी धोखाधड़ी की गई है।

अधिकांश किसानों की कृषि भूमियों पर अफीम काश्त करने का पट्टा है, तो उन कृषि भूमियों पर रिछावरा का कब्जा कैसे है। ज्यादातर किसानों की कृषि भूमियां मौके पर उपजाऊ है। लेकिन, गिरवी नामा लिखाते समय रिछावरा द्वारा कृषि भूमि मालिटी दिखाकर स्टाम्प ड्यूटी की चोरी की। मोहनलाल और भंवरलाल रिछावरा द्वारा परिवार के सदस्यों के नाम से कई अवैध साहुकारी लायसेंस ले रखे है। जिनका, इस्तेमाल किसानों के साथ धोखाधड़ी करने के लिए करता है। मोहनलाल व भंवरलाल रिछावरा द्वारा लेन देन में ग्रामीण किसानों को जान से मारने के लिये धमकाया। जिसकी जिले के अलग-अलग थानो में लगभग 10 एफआईआर दर्ज है।




ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि हम ग्रामीण किसानों ने मोहनलाल व भंवरलाल रिछावरा के खिलाफ वर्ष 2021 से कई आवेदन आपके कार्यालय में दिये तथा 06 सितंबर 2021 को आपके कार्यालय में प्रकरण पंजीबद्ध हुआ। ग्रामीणो ने कलेक्टर से मांग की कि हम ग्रामीण किसानों के प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में प्रकरण दर्ज होकर लंबित है। उक्त प्रकरणों की जल्द सुनवाई कर हमें न्याय दिलवाया जावे। आवेदन की प्रतिलिपि पुलिस कप्तान को भी देकर कार्यवाही की मांग की। इस अवसर पर हीरालाल कुमावत, दीपक, विजय कुमावत, उमादेवी, महिपालसिंह, महेश, बजरंग, पूनम कुंवर, सम्पत कुंवर, घनश्याम, राजेन्द्रसिंह, उमेश, शंकरलाल, शांतिबाई, कैलाश कुंवर, आशा कुंवर आदि किसान उपस्थित थे।

### मामला ढाबा संचालक पर हुए फायर का...

## हमलावरों तक पहुंची पुलिस, आज कर सकती है खुलासा

**मंदसौर, 03 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** बुधवार रात फोरलेन बायपास पर स्थित रजवाड़ी ढाबा के संचालक पर बाईक पर आए हमलावरों ने फायर कर घायल कर दिया था। घायल को पहले बड़े अस्पताल और फिर वहां से निजी अस्पताल ले जाया गया। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस हमलावरों तक पहुंच चुकी है और संभवतः आज शुक्रवार को खुलासा कर सकती है।

बता दे कि बुधवार की रात ढाबा संचालक कृष्णपाल उर्फ केपी बना अपने ढाबे पर बैठा हुआ था। तभी बाइक से आए हमलावरों ने पिस्टल से फायर कर दिए। केपी बना ने भी हमलावर पर मोबाइल फेंका। लेकिन, तब तक आरोपियो ने दो फायर कर दिए। इस घटना में एक गोली केपी बन्ना के जांघ को आरपार कर गई। हमलावर जाते जाते एक हवाई फायर कर भाग गए। ढाबे पर काम करने वाले पर्वतसिंह और रिश्तेदार लोकेन्द्र सहित अन्य लोग केपी को बड़े अस्पताल लेकर आएं। यहां प्राथमिक उपचार किया गया इसके बाद परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर गए। केपी की हालत अब ठीक है। ढाबा संचालक ने बताया कि उस पर हमला शिवराजसिंह उर्फ भोमू निवासी चांदाखेड़ी और उसके साथियों ने किया है। पुलिस ने इसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। हमलावरों की तलाश की जा रही ही। प्राथमिक तौर पर पारिवारिक विवाद में पुरानी रंजिश और लेनदेन का विवाद सामने आ रहा है।

